ग्वालियर आर्म-रेसलिंग टीम ने राष्ट्रीय टूर्नामेंट में जीते 25 पदक

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ग्वालियर आर्म-रेसलिंग टीम ने हैदराबाद में आयोजित 44वीं राष्ट्रीय आर्म-रेसलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 पदक जीते।

प्रमुख बिंदु

- 44वीं राष्ट्रीय आर्म-रेसलिंग चैंपियनशिप 31 मई से 6 जून, 2022 तक हैदराबाद के गाचीबोवली स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 900 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- मध्य प्रदेश ने चैंपियनशिप में केरल के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ग्वालियर की टीम ने चैंपियनशिप में 25 पदक जीतकर अपना 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है।
- ग्वालियर आर्म-रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष केशव पांडे ने बताया कि विक्रम पुरस्कार विजेता मनीष कुमार; विश्व रजत पदक विजेता अरविंद रजक; निरंजन गूर्जर; राजेंद्र महोरे; सचिन गोयल; सुजीत महोरे; उमेश पाल; योगेंद्र यादव; पूजा भदौरिया; आयुष कौशल और शिवम गूर्जर ने स्वर्ण पदक जीते। साथ ही, इनमें से कुछ ने रजत और कांस्य पदक भी जीते।
- केशव पांडे ने बताया कि ग्वालियर आर्म-रेसलिंग अकादमी आर्म-रेसलिंग के लिये देश की पहली पूर्ण अकादमी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gwalior-arm-wrestling-team-wins-25-medals-in-national-tournament